प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 02.02.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केन्द्रीय बजट पर आज लखनऊ में आयोजित प्रेसवार्ता में कहा– डेटा सेंटर, फार्मा हब और सेमीकंडक्टर पार्क स यूपी का बदलेगा औद्योगिक परिदृश्य।
2. उत्तर प्रदेश में रेलवे के लिये 20 हजार करोड़  रुपये से अधिक का आवंटन : रेलमंत्री अश्वनी वैष्णव ने कहा– 2 हाई स्पीड रेल कॉरिडोर दिल्ली–वाराणसी और वाराणसी सिलीगुडो से कनेक्टिविटी को मिलेगी रफ्तार।
3. लखनऊ में कल फार्मा कॉन्क्लेव का होगा आयोजन : केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा कार्यक्रम में होंगे शामिल। और
4. विश्व वेटलैंड्स दिवस पर आज आयोजित किये गये विविध कार्यक्रम : पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने ललितपुर के महावीर स्वामी पक्षी विहार में बर्ड फेस्टिवल का किया उद्घाटन।

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केंद्रीय बजट पर आज अपने सरकारी आवास पर मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि आम बजट 2026.27 प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन के अनुरूप समाज के हर वर्ग युवा, महिला, किसान

और उद्यमी को ध्यान में रखकर बनाया गया है जो नए भारत को विकसित भारत की तरफ तेज गति से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था के रूप में प्रस्तुत करेगा। इस अवसर पर प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना भी मौजूद थे। बाइट......

*बजट में किसान, युवा, महिला और गरीब इन सभी पक्षों को इन सबकी आकांक्षाओं को ध्यान में रख कर के यह बजट प्रस्तुत हुआ है। स्वाभाविक रूप से इस बजट के माध्यम से देश की सबसे बड़ी आबादी के राज्य की आकांक्षाओं की पूर्ति भी होती है। उसके लिए नई संभावनाओं के द्वार खुले हैं।*

मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट में रिफॉर्म  ग्रोथ और भौतिक अनुशासन स्पष्ट रूप से देखने को मिला है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि एमएसएमई सेक्टर के लिए बजट में 10 हजार करोड़ का प्रावधान किया गया है। देश में सबसे अधिक एसएमएमई यूनिट उत्तर प्रदेश में है। जिनके माध्यम से लगभग 3 करोड़ लोग आर्थिक स्वावलम्बन के मार्ग पर आगे बढ़ रहे हैं। बाइट .....

*₹10,000 करोड़ का एमएसएमई सेक्टर के लिए बजट का प्रावधान 96 लाख एमएसएमई यूनिट यूपी के पास है। 3 करोड़ जो हमारी आबादी है, इस एमएसएमई के माध्यम से आर्थिक स्वावलंबन के पद पर अग्रसर होती है। यह ₹10,000 करोड़ का जो यह फंड है, हमें एमएसएमई सेक्टर में जिसको हमने वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट के रूप में प्रमोट किया है, जिसको हमने ब्रांडिंग की है, डिजाइनिंग के साथ, पैकेजिंग के साथ, एक्सपोर्ट के साथ जोड़ का कार्य किया है, इसको नई तकनीक के साथ जोड़ने के लिए एक्सपोर्ट के साथ जोड़ने के लिए पैकेजिंग की नई संभावनाओं को आगे बढ़ाने में यह यूपी जैसे राज्य को मदद करेगा।*

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बजट में लॉजिस्टिक्स के लिए भी बड़ी संभावनाएं हैं। देश का पहला अंतर्देशीय जलमार्ग वाराणसी से हल्दिया के बीच प्रारंभ हो चुका है जिससे वाराणसी को मल्टी.मॉडल लॉजिस्टिक्स हब के रूप में विकसित करने की प्रक्रिया को नई गति मिलेगी

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में नोएडा ग्रेटर नोएडा यमुना अथॉरिटी क्षेत्र सहित अन्य औद्योगिक क्लस्टरों के माध्यम से सेमीकंडक्टर हब के रूप में उभरने की ठोस आधारशिला रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि यूपी में बड़े पैमाने पर डाटा सेंटर निर्माण की कार्रवाई तेजी के साथ आगे बढ़ी है। प्रेसवार्ता के दौरान केन्द्रीय बजट के लिये श्री योगी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त किया और केन्द्रीय मंत्री निर्मला सीतारामन को धन्यवाद दिया।

———————————

रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव ने आज नई दिल्ली में राज्यवार बजट आवंटन पर मीडिया को संबोधित करते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश में रेलवे के लिये बीस हजार करोड़ से अधिक का आवंटन किया गया है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश को दो नई हाई स्पीड रेल कारिडोर दिल्ली–वाराणसी और वाराणसी सिलीगुडो मिले हैं। इन परियोजनाओं के पूरा होने से दिल्ली से वाराणसी और आगे पूर्वी भारत तक की रेल यात्रा सुरक्षित और सुविधाजनक हो जायेगी। बाइट......

*उत्तर प्रदेश के लिए एक बार फिर रिकॉर्ड बजट एलोकेशन हुआ है रेलवे का 20,012 करोड़ और उत्तर प्रदेश में जो हमने प्रॉमिस किया था कि 1 लाख करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट होएंगे तो वह करीब–करीब पहुंचते–पहुंचते अब ₹92,000 करोड़ के टोटल प्रोजेक्ट हो गए हैं। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने उत्तर प्रदेश के लिए दो नए बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट का सैंक्शन किया है कल बजट में। पहला है दिल्ली से वाराणसी, दूसरा वाराणसी से सिलीगुड़ी। इलेक्ट्रिफिकेशन बहुत तेजी जी से हुआ है। उत्तर प्रदेश 100: इलेक्ट्रिफाई हो चुका है और अमृत भारत स्टेशन के तहत 157 स्टेशन का नवनिर्माण हो रहा है और कई रिसेंटली अमृत भारत ट्रेन चालू हुई है।*

————————

इंवेस्ट यूपी और उत्तर प्रदेश खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में कल लखनऊ में फार्मा कॉन्क्लेव का आयोजन किया जायेगा। इसका उद्देश्य प्रदेश को देश के अग्रणी फार्मास्यूटिकल एवं मेडिकल डिवाइस निर्माण केन्द्र के रूप में स्थापित करना है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस सम्मेलन का उद्घाटन करेंग। इस कार्यक्रम में केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा भी शामिल होंगे। फार्मा कॉन्क्लेव 1.0 में फार्मा क्षेत्र की कई प्रसिद्ध कम्पनियों के प्रतिनिधि शामिल होंगे।

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रगतिशील किसानों को बीज उत्पादन कार्यक्रम से जोड़कर स्थानीय स्तर पर गुणवत्ता युक्त बीज उपलब्धता बढ़ाने पर जोर दिया है। पेश है एक रिपोर्ट.........

*मुख्यमंत्री ने आज बीज नीति पर चर्चा करते हुए अगले पाँच वर्षों के लिए प्रदेश की बीज उत्पादन क्षमता गुणवत्ता और उपलब्धता को नए स्तर तक ले जाने के लिए ठोस रोडमैप तैयार करने पर बल दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि बीज उत्पादन प्रसंस्करण और भंडारण की पूरी प्रक्रिया में आधुनिक तकनीक का अधिकतम उपयोग आवश्यक है, ताकि प्रमाणित बीज की कमी न हो और किसान सशक्त बन सकें। फसल विविधीकरण को गति देने के लिए मुख्यमंत्री ने दलहन तिलहन मक्का बाजरा ज्वार और बागवानी फसलों के उच्च गुणवत्ता वाले बीजों की उपलब्धता के लिये विशेष रणनीति तैयार करने को कहा। इसी क्रम में उन्होंने प्रदेश में अगले पांच वर्षों में कम से कम पाँच सीड पार्क स्थापित करने की दिशा में तेजी से काम करने के भी निर्देश दिए। समाचार कक्ष से शैलेन्द्र शर्मा।*

**मुख्यमंत्री ने 29 लाख हेक्टेयर गन्ना क्षेत्र में तिलहन, दलहन की खेती को जोड़कर प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी कार्य करने के लिये कहा है। उन्होंने कहा कि इससे अन्नदाता किसानों की आय में वृद्धि होगी।**

———————————

**ब्रेक**

**यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।**

**ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।**

——————————

नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए0के0 शर्मा ने केंद्रीय बजट 2026 को समावेशी विकास और विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने वाला बताया। बजट में सौर ऊर्जा से संबंधित प्रावधानों के संबंध में ऊर्जा मंत्री ने कहा कि सोलर ग्लास के मुख्य घटक सोडियम एंटीमोनाइट को कस्टम ड्यूटी से छूट दिए जाने से पीएम सूर्य घर योजना के क्रियान्वयन में तेजी आएगी और स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा मिलेगा। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा म्युनिसिपल बॉन्ड को बढ़ावा देने के प्रावधानों से शहरी निकाय आत्मनिर्भर बनेंगे। श्री शर्मा ने कहा कि केंद्रीय बजट 2026 में उत्तर प्रदेश के सर्वांगीण विकास को विशेष महत्व दिया गया है।

———————————

केन्द्रीय बजट 2026 में वाराणसी के सारनाथ को 15 आर्कियोलॉजिकल साइट्स में शामिल करके वाराणसी क्षेत्र के सांस्कृतिक और पर्यटन महत्व पर ज़ोर दिया गया है। पर्यटन मंत्रालय के सहायक निदेशक पावस प्रसून ने बताया कि सारनाथ को कल्चरल डेस्टिनेशन के रूप में विकसित करने और यहां प्रशिक्षित गाइड की सहायता से पर्यटकों को आकर्षित करने में मदद मिलेगी। बाइट.......

*सारनाथ को एक क्लासिक एक्सपेरिमेंटेशियल सेंटर के रूप में विकसित करने के लिए बजट में प्रावधान है। सारनाथ एक जगह है जहां पर की पूरे विश्व के ना केवल बौद्धिक क्षेत्र के लोग, बुद्ध क्षेत्र के लोग लेकिन सब लोगों के लिए एक काफी पवित्र स्थल है। अगर इसकी महिमा को हम एक बड़े ही*

*सरल सुगम और सहज तरीके से उनके सामने प्रस्तुत करेंगे। आने वालों की संख्या में कितनी वृद्धि होगी।*

————————

आज विश्व वेटलैंड्स दिवस है। इस अवसर पर ललितपुर के महावीर स्वामी पक्षी विहार में बर्ड फैस्टिवल का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन प्रदेश के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने किया। बर्ड फैस्टिवल में देशभर से आये पक्षी प्रेमियों, पर्यावरण विदों और विशेषज्ञों ने भाग लिया। लखनऊ के मोहनलालगंज तहसील में वेटलैंड्स दिवस के अवसर पर जन–जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय के पर्यावरण विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर वेंकटेश दत्ता ने जैव विविधता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक किया।

उधर, मिर्जापुर के हलिया वन क्षेत्र के वन कर्मियों ने बच्चों और ग्रामीणों को वैटलैंड के महत्व से अवगत कराते हुए विभिन्न पक्षी प्रजातियों की पहचान कराई। उन्होंने बताया कि वेटलैंड जैव विविधता के संरक्षण के लिये जरूरी है और इनमें रहने वाले पक्षी पर्यावरण संतुलन बनाये रखने में अहम भूमिका निभाते हैं।

————————

मौसम विभाग ने कल प्रदेश के पश्चिमी और पूर्वी जिलों में घने कोहरे के साथ कुछ स्थानों पर गरज चमक

के साथ बारिश की संभावना जताई है विभाग के मुताबिक कल प्रदेश के बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज, वाराणसी, जौनपुर, सहारनपुर और आसपास के इलाकों में सुबह घना कोहरा हो सकता है।

(समाप्त)